# बिहार विधान परिषद

**(203 बजट सत्र)**

## 27 मार्च 2023

----

**[कृषि - पथ निर्माण - ग्रामीण विकास - भवन निर्माण - ग्रामीण कार्य - पंचायती राज पशु एवं मत्स्य संसाधन ].**

**कुल प्रश्न 41**

----

### खाजा कुआं का जीर्णोद्धार कबतक

***186 श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला के नरहट प्रखण्ड अंतर्गत, ग्राम-शेखपुरा में एक प्राचीन 'खाजा कुआं' जर्जर अवस्था में है तथा अनुपयोगी हो गया है;

(ख) क्या यह सही है कि हसुआ विधान सभा क्षेत्र की स्थानीय विधायिका श्रीमती नीतू कुमारी ने नवादा के उप विकास आयुक्त को पत्र देकर उक्त सार्वजनिक कुआं के जीर्णोद्धार की अनुशंसा की है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार 'खाजा कुआं' का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----


### खाजा कुआं का जीर्णोद्धार कबतक

***186 श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला के नरहट प्रखण्ड अंतर्गत, ग्राम-शेखपुरा में

एक प्राचीन 'खाजा कुआं' जर्जर अवस्था में है तथा अनुपयोगी हो गया है;

(ख) क्या यह सही है कि हसुआ विधान सभा क्षेत्र की स्थानीय विधायिका श्रीमती नीतू कुमारी ने नवादा के उप विकास आयुक्त को पत्र देकर उक्त सार्वजनिक कुआं के जीर्णोद्धार की अनुशंसा की है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार 'खाजा कुआं' का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## फ्लाई ओवर का निर्माण

*251 **श्री अफाक अहमद खां (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गया जिला अन्तर्गत गया शहर में सरकारी बस स्टैंड से गया कॉलेज होते हुए A.N.M.C.H अस्पताल के आगे तक फ्लाईओवर का निर्माण नहीं होने के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे शहरवासियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बस स्टैंड से गया कॉलेज होते हुए A.N.M.C.H अस्पताल तक फ्लाईओवर बनाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## नाला का निर्माण

*255 **श्री भीसम साहनी (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत फुलवारी शरीफ प्रखंड अन्तर्गत चिलविली पंचायत में कुसुमपुर कॉलोनी, कुरथौल, पटना (निअर एस.डी.वी. स्कूल, कुरथौल, पटना) के नजदीक किसू राज मोटरसाईकिल रिपेरिंग गली में ढलाई रोड (पी.सी.सी.) नहीं रहने के कारण लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ख) क्या यह सही है कि बरसात के दिनों में बुजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों को आने-जाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है, नाली का गंदा पानी गली में बहता रहता है, जिससे वहां के बाशिंदे नारकीय जीवन जीने को विवश हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जनहित में कबतक उक्त गली की पी.सी.सी. ढ़लाई एवं नाला का निर्माण कराना चाहती है?

----

## रोड का चौड़ीकरण

*345 **श्रीमती निवेदिता सिंह (मनोनीत)ः**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत नोखा राजपुर पथ पर स्थित ग्राम श्रीखंडा लख के पास नहर के ऊपर बने लोहे की पुलिया अत्यंत दयनीय और जर्जर स्थिति में है;

(ख) क्या यह सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत नोखा राजपुर पथ पर स्थित ग्राम श्रीखंडा लख के पास नहर की दोनों तरफ वन-वे रोड होने के कारण हमेशा जाम और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नोखा राजपुर पथ पर स्थित नहर पर बनी लोहे की पुलिया को हटाकर नई पुलिया का निर्माण और नहर की दोनों तरफ बने वन-वे रोड का चौड़ीकरण करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## फसल ऋण का भुगतान कबतक

*455 **श्री महेश्वर सिंह (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार )ः**

क्या मंत्री, **कृषि** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की गाइडलाइन के अनुसार अन्य राज्यों में किसानों को जो फसल ऋण सरकार देती है, उसमें बैंकों के द्वारा फसल बीमा का प्रीमियम काट लिया जाता है, तथा शेष राशि का भुगतान किया जाता है, लेकिन बिहार में इसका पालन नहीं हो रहा है और बैंकों के द्वारा फसल बीमा का प्रीमियम नहीं काटा जाता है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार आर.बी.आई. की गाइडलाइन के अनुसार फसल बीमा का प्रीमियम काट कर किसानों को फसल ऋण का भुगतान करने हेतु बैंकों को निर्देशित करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## क्रेडिट कार्ड निर्गत

***456 श्री हरि सहनी (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पशु एवं मत्स्य संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि केन्द्र सरकार ने किसान क्रेडिट कार्ड की तर्ज पर राज्य के मछुआरों के लिए मत्स्य किसान क्रेडिट कार्ड निर्गत किया है;

(ख) क्या यह सही है कि पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग द्वारा विज्ञापन प्रकाशित कर बड़े पैमाने पर राज्य के मछुआरों से मत्स्य किसान क्रेडिट कार्ड हेतु राज्य के जिला मत्स्य पदाधिकारियों के माध्यम से कैम्प लगाकर लाखों आवेदन प्राप्त किया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि राज्य के मछुआरों को मत्स्य किसान क्रेडिट कार्ड बैंकों के द्वारा निर्गत नहीं किया गया जिससे केन्द्र सरकार के द्वारा मछुआरों के लिए निर्गत मत्स्य किसान क्रेडिट योजना का लाभ नहीं मिल रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के सभी आवेदित मछुआरों को मत्स्य किसान क्रेडिट कार्ड निर्गत करना चाहती है, इसके लिए कोई ठोस कदम उठाना चाहती है, अब तक निर्गत किए गए मत्स्य किसान क्रेडिट कार्ड की सूची उपलब्ध कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## अनियमितता की जांच कबतक

***457 श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला के नरहट प्रखण्ड से गुजरने वाली राज्य उच्च पथ संख्या- 103 में धनार्जय नदी पर निर्माणाधीन पुल में प्राक्कलन के अनुसार आनुपातिक सामग्री का उपयोग नहीं किए जाने तथा पूरे निर्माण में घटिया ढंग के सरिया-छड़ लगाए जाने की शिकायत स्थानीय लोगों ने संबंधित पदाधिकारी से की है;

(ख) क्या यह सही है कि प्रश्नागत पुल के पिलर का निर्माण प्राक्कलन के मापदण्ड के अनुसार निर्धारित गहराई से नहीं किया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उच्चस्तरीय टीम से इस अनियमितता की जांच कराने की विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं

तो क्यों?

----

## एप्रोच पथ का निर्माण कबतक

***458 डा. कुमुद वर्मा (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि जहानाबाद जिला के काको प्रखंड के नदियावां गांव में दरधा नदी पर तीन करोड़ पचासी लाख रुपये की लागत से बनाए गए उच्चस्तरीय पुल के उत्तरी छोर पर एप्रोच पथ का निर्माण नहीं कराने से लांजो, लोदीपुर, सैदाबाद, एनवां, अलगना, मिश्रविगहा सहित कई अन्य गांव से सम्पर्कता बाधित हो गई है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त एप्रोच पथ नहीं बनने के कारण पुल निर्माण का उद्देश्य पूरा नहीं हो सका है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त वर्णित एप्रोच पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सड़क का निर्माण

***459 प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिले के कंकड़बाग स्थित आर.एम.एस कॉलोनी की सड़क का पदाधिकारियों की लापरवाही के कारण, वर्षों से इसका कालीकरण नहीं किया जा सका है;

(ख) क्या यह सही है कि यह सड़क मेन बाईपास जगनपुरा चौक से कंकड़बाग को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क है, जो अत्यंत जर्जर हो चुकी है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'क' में वर्णित सड़क का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर कराना चाहती है?

----

## पथ का निर्माण

***460 डा. समीर कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत गौशाला चौक से हॉर्ट हॉस्पीटल तक सड़क की स्थिति काफी जर्जर है;

(ख) क्या यह सही है कि इस सड़क में मंगरौनी, पिलखवार, खोईर, परिहारपुर, रघुनीदेहट, जितवारपुर, हरिनगर जैसे दर्जनों महत्वपूर्ण ग्रामों का मुख्य सड़क है;

(ग) क्या यह सही है कि पथ की लम्बाई 1.500 किलोमीटर एवं प्राक्कलन राशि 170.603 लाख है;

(घ) क्या यह सही है कि अधीक्षण अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, दरभंगा के पत्रांक- 1471 अनु./ दरभंगा, दिनांक- 20.08.2022 द्वारा मुख्य अभियंता- 3, ग्रामीण कार्य विभाग बिहार, पटना को उक्त पथ के निर्माण कार्य का प्राक्कलन तकनीकी अनुमोदन की स्वीकृति हेतु भेजा गया है, जिस पर मुख्य अभियंता- 3, REO, पटना द्वारा अबतक तकनीकी स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है;

(ङ.) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में यथाशीघ्र तकनीकी स्वीकृति का आदेश देते हुए मधुबनी जिलान्तर्गत गोशाला चौक से हॉर्ट हॉस्पीटल तक के पथ का निर्माण अविलंब कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## शेष पंचायत भवन का निर्माण कबतक

***461 श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार सरकार द्वारा राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराया जाना है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य की विभिन्न ग्राम पंचायतों में पंचायत सरकार भवन तैयार होकर कार्य रूप में है एवं कई ग्राम पंचायतों में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य जारी है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बतलाएगी कि बिहार राज्य के कितने ग्राम पंचायतों में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है एवं शेष पंचायतों में निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति से सदन को अवगत कराना चाहेगी?

----

## बालू साफ की योजना

***462 डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार की विभिन्न नदियों पर बने पुल के दोनों किनारे बड़े पैमाने पर धूल एवं बालू से भरे रहते हैं;

(ख) क्या यह सही है कि नदियों पर बने पुल पर बड़े पैमाने पर धूल एवं बालू जमा होने के कारण पुल के रख-रखाव में क्षति होती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार की विभिन्न नदियों पर बने पुल के किनारे-किनारे जमे धूल एवं बालू साफ कराने की कोई योजना है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## स्थायी कर्मचारी नियुक्ति हेतु

*463 **श्री कुमार नागेन्द्र (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल ):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य की पंचायतों में निर्मित पंचायत भवनों को सभी उपकरणों तथा सुविधाओं से लैस कर दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि इन पंचायत भवनों की सुरक्षा/देख भाल हेतु कही भी किसी कर्मचारी की नियुक्ति नहीं की गई है, जिस कारण इन पंचायत भवनों में लगातार चोरी इत्यादि की घटनाएं होती रहती हैं और कंप्यूटर, दरवाजे, मोटर, खिड़की इत्यादि असामाजिक तत्वों द्वारा नष्ट कर दिए जाते हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शीघ्र राज्य के सभी पंचायत भवनों की सुरक्षा/देख भाल हेतु एक स्थाई कर्मचारी की नियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पंचायत भवन का निर्माण कबतक

*464 **श्रीमती रेखा कुमारी (सीतामढी स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना शिवहर जिला के शिवहर प्रखंड में चमनपुर पंचायत के चमनपुर गांव में पंचायत भवन के लिए 2.5 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई गई परंतु अधिकारी द्वारा जमीन की जांच उपरांत यह बताया गया कि यह जमीन गड्ढा में है, परंतु जमीन समतल भूमि है;

(ख) क्या यह सही है कि तद्उपरांत समाज के लोग, समाज के हित के लिए अन्य दूसरी जमीन (रास्ता के साथ) पंचायत भवन निर्माण के लिए देने को तैयार है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार समाज के हित में शिवहर जिला के शिवहर प्रखंड में चमनपुर पंचायत के चमनपुर गांव में पंचायत भवन निर्माण का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## संपर्क पथ को चालू कबतक

*465 **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मुजफ्फरपुर में बूढ़ी गंडक नदी पर चन्दवारा घाट में पुल निर्माण कार्य का शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री के कर कमलों से वर्ष 2014 में हुआ परंतु 4 गांव के 26 भूधारियों की जमीन का हस्तांतरण सतत लीज पर नहीं होने के कारण अबतक संपर्क पथ नहीं बन पाया है और पुल पर आवागमन चालू नहीं हो सका है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पुल के बनने के बाद मुजफ्फरपुर शहर की यातायात वयवस्था में काफी सुधार हो जाएगा और शहर की आबादी का एन.एच.- 57 से सीधा संपर्क स्थापित हो जाएगा;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त पुल का सुपर स्ट्रक्चर बनकर तैयार है परन्तु संपर्क पथ के अभाव में जनता को लाभ नहीं मिल पा रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार चन्दवारा घाट पर निर्मित पुल हेतु संपर्क पथ का मामला सुलझाकर इसे आवागमन हेतु चालू कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## घाट का निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण कबतक

***466 श्री अशोक कुमार पाण्डेय (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण विकास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि भभुआ जिलान्तर्गत भभुआ प्रखंड की पंचायत डिहरा के सोनडीहरा गांव में शिवमंदिर के पास बहुत बड़ा पोखरा है;

(ख) क्या यह सही है कि छठ पर्व, शिवरात्रि आदि पर्व में भक्तों की अपार भीड़ लगती है लेकिन पोखर में घाट का निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण नहीं होने के कारण भक्तजनों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'क' में वर्णित पोखर में घाट का निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पुल का निर्माण कबतक

***467 श्री अशोक कुमार अग्रवाल ( कटिहार त्रिस्तरीय पंचायती राज):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि कटिहार जिला के प्राणपुर प्रखण्ड अन्तर्गत सहजा पंचायत के बरविट्टा चौक से पंचवर्गा गांव तक जाने वाली सड़क के कास्तहावर चौक के निकट धारा की दोनों तरफ प्रधानमंत्री योजना अन्तर्गत कई वर्ष पूर्व पथ का निर्माण हो चुका है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पथ के कास्तहावर चौक के निकट धारा में आर.सी.सी. पुल का निर्माण नहीं होने से आम लोगों को आवागमन का कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ के कास्तहावर चौक के निकट धारा में आर.सी.सी. पुल निर्माण कराये जाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## केन्द्र का निर्माण

***468 प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पशु एवं मत्स्य संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य सरकार द्वारा जमुई जिला में मत्स्य प्रसार एवं सलाह केन्द्र की स्थापना की घोषणा की गई थी;

(ख) क्या यह सही है कि केन्द्र की स्थापना के लिए जमीन का भी चयन किया जा चुका है लेकिन निधि नहीं मिलने के कारण अबतक नहीं बन पाया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मत्स्य प्रसार एवं सलाह केन्द्र के निर्माण की राशि का आवंटन कबतक करना चाहती है, नहीं तो क्यों?

----

## सड़क एवं नाला का निर्माण

*469 **श्री संतोष कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, रोहतास एवं कैमूर):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखंड कोचस में भैंसाडीह में पांच सौ आबादी में कुल 35 घरों वाले कुल 15 गांव के लोग गांव का विकास नहीं रहने के कारण गांव के घर छोड़कर अन्यत्र चले गये;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त गांव भैंसाडीह में आज तक पक्की सड़क का निर्माण नहीं हो सका और न ही नाला का निर्माण हो सका है, गांव का गंदा पानी पूरे गांव में फैला रहता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गांव में विकास करने हेतु सड़क एवं नाला का निर्माण कराना चाहती है?

----

## स्थायी व्यवस्था

*470 **श्री राजीव कुमार उर्फ गप्पू बाबू (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में त्रि-स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था लागू होने के बाद राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर सभी पंचायतों में चरणबद्ध तरीके से पंचायत सरकार भवन निर्माण का निर्णय लिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि षष्टम् राज्य वित्त आयोग की अनुशंसाओं के आलोक में सामान्य निधि अंतर्गत प्राप्त राशि से वर्ष 2025 तक इसे पूर्ण किया जाना है परंतु इन भवनों के नियमित रख-रखाव एवं जीर्णोद्धार की कोई व्यवस्था नहीं गई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बतलाएगी कि गोपालगंज जिले के सभी 14 प्रखंड अन्तर्गत निर्मित एवं निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन की क्या स्थिति है तथा सरकार इसके नियमित रख-रखाव एवं जीर्णोद्धार हेतु कौन-सी स्थायी व्यवस्था करने का विचार रखती है?

----

## सड़क का निर्माण कबतक

***471 श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बक्सर जिला अन्तर्गत नावानगर प्रखण्ड के सोनबरसा पंचायत के ब्रह्म टोला से शिव पूजन सिंह के टोला तक सड़क है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क की स्थिति अत्यंत खराब है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क को शीघ्र बनवाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## फ्लाईओवर का निर्माण

***472 प्रो. गुलाम गौस (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना के दीघा हाट के पास आशियाना-डॉन बास्को स्कूल की ओर जाने वाला रास्ता पहले की तुलना बहुत व्यस्त रहता है;

(ख) क्या यह सही है कि आशियाना मोड़ के पास हमेशा जाम लगा रहता है क्योंकि वहां से पटना-दानापुर रास्ता भी गुजरता है;

(ग) क्या यह सही है कि आशियाना मोड़ पर हमेशा जाम रहने के कारण दानापुर एवं आशियाना रोड में जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लोगों की सुविधा के लिए आशियाना मोड़ पर पटना-दानापुर दिशा में फ्लाईओवर का निर्माण

करवाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई

***473 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मुख्यमंत्री सचिवालय द्वारा निर्गत डायरी संख्या-2023000190, दिनांक- 02.01.2023 एवं डायरी संख्या- 2023005331, दिनांक-01.02.2023 के द्वारा सारण जिलान्तर्गत ग्राम-कोहड़गढ़ (पंचायत-भरहोपुर) नगर पंचायत एकमा बाजार वार्ड नं.- 16 में मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के कार्यों में संबंधित संवेदक के द्वारा अनियमितता किये जाने के संबंध में श्री वीरेन्द्र सिंह और श्री सुरेन्द्र सिंह के साथ अन्य ग्रामीणों के लिखित अभ्यावेदन के आधार पर कार्रवाई करने का निदेश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि अबतक मुख्यमंत्री सचिवालय के द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन नहीं किया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मुख्यमंत्री सचिवालय के द्वारा दिये गये निर्देशों की अवहेलना करने वाले पदाधिकारियों एवं संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पुल-पुलिया का निर्माण

***474 श्री ललन कुमार सर्राफ (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि एन.एच.- 107 के मधेपुरा-सहरसा एवं मधेपुरा-पूर्णिया मार्ग का कार्य अब भी अधूरा है। पुल-पुलिया निर्माण कार्य की गति काफी धीमी है, मधेपुरा-सहरसा मार्ग में मठाही रेलवे ढाला के पास 2-3 किलोमीटर पुरानी सड़क को छोड़कर सीधी सड़क का निर्माण कराया जाना है;

(ख) क्या यह सही है कि मधेपुरा-पूर्णिया मार्ग में मीरगंज से लेकर बेलदौर नहर तक का कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है, इसमें भी आ◌ाधा दर्जन से अधिक पुल बनाए जाने हैं, डायवर्सन बनाकर छोड़ दिया गया है, जिसे प्राथमिकता के आ◌ाधार पर जनहित में शीघ्र पूर्ण कराने की आवश्यकता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़कों एवं पुल-पुलियों का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## यूरिया एवं उर्वरक की आपूर्ति

***475 श्री अजय कुमार सिंह (सहरसा स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **कृषि** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि बिहार के सभी जिलों में यूरिया एवं अन्य उर्वरक की कमी के कारण खेती-किसानी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है;

(ख) क्या यह सही है कि बिहार में यूरिया एवं अन्य उर्वरक की मांग और आपूर्ति में असंतुलन है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यूरिया एवं अन्य उर्वरक की मांग और आपूर्ति में संतुलन बनाने हेतु विचार रखती है?

----

## पुल का निर्माण

***476 श्री अशोक कुमार (स्थानीय प्राधिकार, नवादा):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला के रजौली प्रखंड अंतर्गत चितरकोली पंचायत के ग्राम दिवोर गढ़ में दुर्वासा ऋषि का आश्रम है, जहां धनार्जय नदी पार कर दूर-दूर से लोग दर्शन करने आते हैं;

(ख) क्या यह सही है कि धनार्जय नदी पर पुल नहीं रहने के कारण बरसात के दिनों में श्रद्धालुओं को आने-जाने में काफी कठिनाई होती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार धनार्जय नदी पर पुल निर्माण कराना चाहेगी, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सड़क निर्माण

***477 श्री घनश्याम ठाकुर (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि जिला-मधुबनी, प्रखंड-राजनगर, पंचायत-कैथाही में कैथाही चौक से रामपट्टी हटिया तक की सड़क की स्थिति अत्यन्त जर्जर है;

(ख) क्या यह सही है कि बरसात के मौसम में सड़क की स्थिति जर्जर रहने के कारण यहां भारी जल-जमाव होने के कारण आवागमन बाधित रहता है जिस कारण ग्रामीणों एवं राहगीरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जिला-मधुबनी, प्रखंड- राजनगर, पंचायत-कैथाही के कैथाही चौक से रामपट्टी हटिया तक की सड़क बनाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सड़क निर्माण

***478 श्रीमती निवेदिता सिंह (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि रोहतास जिला अन्तर्गत सासाराम से अंडरपास होते हुए जो जी.टी. रोड से (G.T. Road) फोर लेन तक की सड़क अत्यंत जर्जर स्थिति में है;

(ख) क्या यह सही है कि सड़क अत्यधिक खराब होने के कारण हर रोज दुर्घटना की स्थिति बनी रहती है;

(ग) क्या यह सही है कि सड़क का निर्माण नहीं होने के कारण बाबा गुप्ता धाम जाने वाले श्रद्धालुओं को अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है एवं रोहतास के पर्यटक स्थलों को जोड़ने का भी कार्य किया जा सकता है;

(घ) क्या यह सही है कि सड़क का निर्माण हो जाने पर कई गांव उत्तरी और दक्षिणी छोर को जोड़ने के साथ पहाड़ी की ओर के गांव जैसे सिकारिया, दरिगांव, आलमपुर, बड्डी, बिशनपुरा, सदोखर एवं दुर्गावती जलाशय जाने वाले ग्रामीणों को बहुत सुविधा होगी;

(ड़) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सासाराम अंडर पास के जी. टी. रोड फोर लेन तक पक्की सड़क का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## वार्ड सदस्यों को प्रभार

***479 श्री भूषण कुमार (वैशाली स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि वैशाली जिला के नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों को अभी तक

पुराने वार्ड सदस्य द्वारा चार्ज नहीं दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि वार्ड सदस्यों को चार्ज नहीं मिलने के कारण वार्ड क्रियान्वयन समिति वार्ड के विकास का कार्य नहीं कर पा रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बताना चाहेगी कि वार्ड सदस्यों को प्रभार कबतक मिल जाएगा, नहीं तो क्यों?

----

## मानदेय भत्ता का भुगतान

***480 डा. दिलीप कुमार जायसवाल (पूर्णिया, अररिया स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पूर्णिया, अररिया, किशनगंज एवं वैशाली जिले के नवनिर्वाचित पंचायती राज जनप्रतिनिधियों का मानदेय एवं भत्ता का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त जिलों के पंचायती राज प्रतिनिधियों का मानदेय वेतन भत्ता का भुगतान नहीं होने से प्रतिनिधियों को काफी कठिनाई हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जिलों के विभिन्न प्रखंडों के पंचायती राज प्रतिनिधियों के बकाया मानदेय भत्ता का भुगतान करते हुए विस्तृत ब्यौरा देना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## विज्ञापन के अनुरूप चयनित

***481 श्री अनिल कुमार (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार लोक सेवा आयोग के विज्ञापन संख्या- 01/2019 एवं 02/2019, दिनांक- 08.03.2019 विज्ञापन संख्या- 03/2019 एवं 04/2019, दिनांक-13.09.2019 के द्वारा सहायक अभियंता (असैनिक/यांत्रिक/विद्युत) के कुल 305 पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित किए गए;

(ख) क्या यह सही है कि खंड 'क' में वर्णित पदों पर नियुक्ति की संपूर्ण प्रक्रिया पूरी कर ली गई और अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन भी 27.07.2022 तक पूरी कर ली गयी है;

(ग) क्या यह सही है कि पथ निर्माण विभाग, बिहार द्वारा अपने एक अधिसूचना सं.- 5565 (एस.) दिनांक- 09.11.2022 के द्वारा बिहार अभियंत्रण सेवा वर्ग- II भर्ती

नियमावली, 2019 में संशोधन किया गया, जिसे दिनांक- 06.03.2019 के भूतलक्षी प्रभाव से प्रवृत्त किया गया;

(घ) क्या यह सही है कि खंड- 'ग' में वर्णित संशोधित नियमावली के माध्यम से पूर्व में कार्यरत संविदा कर्मियों को खंड 'क' में वर्णित नियुक्ति प्रक्रिया में अधिमानता देकर पिछले दरवाजे से प्रवेश कराने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है, जो नैसर्गिक न्याय के विपरीत है;

(ड.) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पथ निर्माण विभाग के अधिसूचना संख्या– 5565 (एस.) दिनांक 09.11.2022 को निरस्त करते हुए उक्त विज्ञापन के अनुरूप चयनित एवं सत्यापित अभ्यर्थियों को विभाग आवंटित कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पुल का निर्माण

***482 श्रीमती अम्बिका गुलाब यादव (मधुबनी स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के लौकही प्रखंड अन्तर्गत धबही गांव के पश्चिम, हनुमान नगर के पूरब बिहुल नदी पर पुल नहीं होने के कारण दोनों तरफ कई पंचायत के लोगों को आने-जाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार मधुबनी जिला के लौकही प्रखंड में बिहुल नदी पर पुल निर्माण कार्य जनहित में कबतक कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## पुल का निर्माण

***483 श्री सौरभ कुमार (पश्चिमी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला अंतर्गत चनपटिया प्रखंड की उत्तरी घोधा पंचायत के वार्ड नं.- 4 में अवस्थित पुल अत्यंत जर्जर हो गया है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पश्चिमी चम्पारण जिला अंतर्गत चनपटिया प्रखंड में उत्तरी घोधा पंचायत के वार्ड नं.- 4 में नये पुल का निर्माण करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## सड़क का निर्माण

***484 श्री राजीव कुमार (बेगूसराय स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिला के नावकोठी प्रखंड की महेशवाड़ा पंचायत में सिमरी पुल से बूढ़ी गंडक नदी बांध होते हुए महेशवाड़ा ग्राम होते हुए मझौल गढ़पुरा पी.डब्लू. डी. पथ तक 5 किलोमीटर लंबी सड़क है;

(ख) क्या यह सही है कि यह पथ तीन प्रखंडों को जोड़ने का काम करता है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त पथ विगत दस वर्षों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है;

(घ) क्या यह सही है कि उक्त जीर्ण-शीर्ण पथ पर कई जानलेवा दुर्घटनाए हो चुकी हैं;

(ङ) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ की 5 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## भवन एवं परिसर का निर्माण

***485 डा. रामवचन राय (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण विकास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सीवान जिलान्तर्गत नौतन प्रखंड का कार्यालय एवं आवासीय भवन निर्माण हेतु प्रखंड के नरकटिया ग्राम में स्थित लगभग 5 एकड़ (पांच एकड़) जमीन चिन्हित की गई थी और उसके निर्माण हेतु राज्य सरकार द्वारा राशि भी आवंटित की गई थी;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त राशि किसी दूसरे प्रखंड के कार्यालय एवं आवासीय भवन निर्माण हेतु डायभर्ट कर दी गयी जिससे खंड 'क' में वर्णित प्रखंड में निर्माण कार्य न हो सका;

(ग) क्या यह सही है कि खंड 'क' में वर्णित प्रखंड में कार्यालय एवं आवासीय भवन निर्माण में अप्रत्याशित विलंब के कारण पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'क' में वर्णित प्रखंड में कार्यालय भवन, आवासीय भवन एवं परिसर का निर्माण यथाशीघ्र करवाना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## सड़क को राज्य उच्च पथ की स्वीकृति

***486 श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के राजनगर से पंडौल भाया गंधवारी होते हुए दरभंगा जिला के छतवन गांधी चौक तक कुल पथ की लम्बाई 29 किमी. है;

(ख) क्या यह सही है कि पथ 06 अलग-अलग ग्रामीण पथों को जोड़कर पूरा होता है जिसकी विवरणी निम्न हैः-

टी.- 1 से महिनाथपुर 7.116 KM-PMGSY से निर्मित

रामपट्टी चौक से पंडौल बाजार 13.314 पथ निर्माण विभाग द्वारा निर्मित

पंडौल से रैयाम 0.690 KM-PMGSY II द्वारा निर्मित

लक्ष्मीपुर से गंधवारी- 4.510 KM-MR 3054 योजना से निर्मित

स्लूईस गेट से गंधवर- 0.805 KM-MMGSY द्वारा निर्माणाधीन

छतवन गांधी चौक से पत्थरपट्टी- 2.240 KM-MMGSY द्वारा निर्माणधीन

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क को राज्य उच्च पथ की स्वीकृति हेतु विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## पथ का निर्माण

***487 श्रीमती रीना देवी (स्थानीय प्राधिकार, नालन्दा):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत इस्लामपुर विधान सभा क्षेत्र में ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा बारहमासी एकल संपर्कता हेतु पथों का सर्वे किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पथों का सर्वे नं.- 30081 एवं 30084 है, जिसे तेल्हाड़ा मीना बाजार पथ से बलवापर एवं तेल्हाड़ा मीना बाजार पथ से कंजास महतो टोला तक निर्मित करने का प्रावधान है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त खंडों में वर्णित पथों का शीघ्र निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पुल का निर्माण

***488 श्री भीसम साहनी (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत बगहा-1 के एन. एच.- 727 से रायवारी, महुआवा, पीपरा वास गांव जाने वाले ग्रामीण कार्य विभाग के पथ में निर्मित साधु का पुल बाढ़ से क्षतिग्रस्त होने के कारण जीर्ण-शीर्ण हो चुका है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण दो एवं चारपाहिया वाहनों के साथ-साथ आम नागरिकों का आवागमन अवरुद्ध हो गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण नये सिरे से शीघ्र कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पथ का निर्माण

*489 **श्री विजय कुमार सिंह (भागलपुर,बॉका स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के साहेबगंज प्रखंड अन्तर्गत पकड़ी बसारत पंचायत में पकड़ी बसारत फुलसकड़ा पथ में राजकीय प्राथमिक विद्यालय, पकड़ी बसारत मोड़ से पकड़ी बसारत सिवान एवं दाहा छपरा, धनैया, भीमपुरा सिवान होते हुए जो सड़क घोड़ीजोर पुल के पास निकलती है, जिस पथ में पंचायत सरकार भवन एवं कचरा प्रबंधन का कार्यालय बन रहा है, पथ की हालत जर्जर है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पथ के आरेखन पर ठोस एवं तरल उपशिष्ट प्रबंधन भवन बन कर तैयार है एवं पथ के आरेख पर पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु भू-हस्तांतरण अभिलेख वाद सं.- 01/2021-2022 में पारित है, जिसकी जमाबंदी पंचायत सरकार भवन, पकड़ी बसारत के नाम से कायम है, (जमाबन्दी सं.- 598) जिस हेतु राशि का आवंटन भी हो चुका है। परंतु टूटी हुई सड़क रहने से भवन निर्माण स्थल एवं कचरा भवन तक वाहन को आने-जाने में एवं आम लोगों के आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जर्जर पथ का अविलंब निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों

----

## मुख्य सड़क से जोड़ने पर विचार

*490 **श्री रविन्द्र प्रसाद सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत फुलवारी प्रखण्ड अन्तर्गत चिलबिल्ली पंचायत में मिल्की मुसहरी पड़ता है, जिसकी आबादी लगभग 400 से अधिक है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त टोला में जाने हेतु पक्की सड़क नहीं है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त टोला को पक्की सड़क के द्वारा बेतौड़ा मुख्य सड़क से जोड़ने पर विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----